## संक्षिप्त समाचार

### ट्रांसफार्मर जलने और शार्ट-सर्किट से दिवाली जैसा नजारा

**गोण्डा।** जिले के नवाबगंज कस्बे के पड़ाव मोहल्ले में स्टेट बैंक के पास बुधवार की देर शाम बिजली के खंभे और तारों में ऐसा शार्ट-सर्किट हुआ कि, करीब 05 मिनट तक तेज धमाकों के साथ लाइन जलती रही। तेज धमाकों, चिंगारी और आग से लोगों में दहशत और अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।वहीं कुछ लोगों ने इसकी तुलना दीवाली के आतिशबाजी से भी कर रहे हैं। इस दौरान मोहल्ले के लोगों ने दर्जनों बार स्थानीय जेई, उपखंड अधिकारी और लाइनमैनों को फोन किया लेकिन फोन नहीं उठा।

### ट्रक की टक्कर से जीप पलटी, दरोगा समेत चार घायल

**प्रयागराज।** सरायइनायत थाना क्षेत्र के कुआंडीह गांव में बुधवार को देर रात गश्त से लौट रही सरायइनायत पुलिस की गाड़ी ट्रक की टक्कर से पलट गई। हादसे में दरोगा समेत चार पुलिसकर्मी घायल हो गए। हादसे में गाड़ी पर सवार एसआई जगदीश यादव, चालक अरुण यादव, कांस्टेबल अजीत एवं अनुज घायल हुए हैं। जिसमें अनुज की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने एसआई जगद. ीश यादव की तहरीर पर अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से ट्रक चालक की पहचान करने में जुटी हुई है।

### अंग्रेजी में भी मिलेंगी एनसीईआरटी की पाठ्य पुस्तकें

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद के अधीन संचालित माध्यमिक स्कूलों में अंग्रेजी माध्यम से पढाई करने वाले विद्यार्थियों को राहत देते हुए परिषद ने एनसीईआरटी की पाठड पुस्तकों को अंग्रेजी भाषा में उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है। अब तक यूपी बोर्ड में अंग्रेजी माध्यम से अध्ययन करने वाले छात्र-छात्राओं को पढ़ाई के दौरान सबसे बड़ी समस्या अंग्रेजी माध्यम की पुस्तकों की उपलब्धता को लेकर होती थी। विद्यालयों में पढ़ाई अंग्रेजी माध्यम से होती थी, लेकिन किताबें प्राय: हिंदी माध्यम में ही उपलब्ध कराई जाती थीं। ऐसे में विद्यार्थियों को बाजार से महंगी निजी प्रकाशकों की किताबें खरीदनी पड़ती थीं। नई व्यवस्था लागू होने के बाद विद्यार्थियों को कम कीमत पर अंग्रेजी माध्यम की एनसीईआरटी पुस्तकें आसानी से उपलब्ध हो सकेंगी।

# महंगाई भत्ता बढ़ने पर कर्मचारी परिषद ने जताया आभार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ ।** राज्य सरकार के वित्त विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार के हस्ताक्षरों से आज प्रदेश में कार्यरत समस्त राज्य कर्मचारियों, सहायता प्राप्त समस्त शिक्षण एवं प्राविधिक शिक्षण संस्थानों, शहरी निकायों के नियमित एवं पूर्ण कालिक कर्मचारियों, कार्य प्रभावित कर्मचारियों तथा यूजीसी वेतनमान से आच्छादित कर्मचारियों को केंद्र सरकार की तर्ज पर 1 जनवरी 2026 से दो प्रतिशत की दर से बढ़े हुए महंगाई भत्ते की भुगतान के आदेश जारी कर दिया गया है ।

प्रदेश के 12 लाख राज्य कर्मचारी, 4 लाख शिक्षणेत्तर कर्मचारी ,3.5 लाख पुलिस कर्मचारी सहित कुल 20 लाख कर्मचारियों को 1 जनवरी 2026



से 58 प्रतिशत के स्थान पर 60 प्रतिशत महंगाई भत्ता मिलेगा। यह महंगाई भत्ता मई माह के वेतन के साथ नकद दिया जाएगा। अप्रैल तक बड़े हुए महंगाई भत्ते की धन राशि कर्मचारियों के भविष्य निधि खाते में जमा की जाएगी। संयुक्त परिषद के अध्यक्ष जे एन तिवारी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नारायण दुबे, उपाध्यक्ष त्रिलोकी नाथ चौरसिया, प्रीति पांडे राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद की महामंत्री अरुणा शुक्ला ने महंगाई भत्ते के भुगतान के आद. ेश के लिए मुख्यमंत्री एवं अपर मुख्य सचिव वित्त का आभार व्यक्त किया है। संयुक्त परिषद की महामंत्री अरुण शुक्ला ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए अवगत कराया है कि राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने 9 मई को केंद्र सरकार द्वारा बढ़ाए गए 2: महंगाई भत्ते के भुगतान का आदेश करने की मांग मुख्यमंत्री से किया था। 15 दिन से कम समय में भी प्रदेश के कर्मचारियों को महंगाई भत्ते के भुगतान के आदेश शासन द्वारा कर जारी कर दिए गए हैं। इस आदेश से प्रदेश के 20 लाख से भी अधिक कर्मचारियों को तात्कालिक प्रभाव से लाभ होगा तथा महंगाई से राहत मिलेगी।

संयुक्त परिषद के अध्यक्ष जे एन तिवारी ने मुख्यमंत्री से सेवा निवृत कर्मचारियों के लिए महंगाई राहत एवं निगमों के कर्मचारियों के लिए भी महंगाई भत्ते का आद. ेश शीघ्र जारी करने का अनुरोध किया है। उन्होंने एक पत्र लिखकर मुख्यमंत्री से यह भी अनुरोध किया है कि प्रदेश में कार्यरत आशा बहू, संगिनी एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को पिछले चार माह से मानदेय नहीं मिल रहा है ।

# विश्व हिन्दू रक्षा परिषद देशभर में चलाएगी महिला सशक्तिकरण अभियान

**लखनऊ ।** विश्व हिन्दू रक्षा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय ने प्रेस कान्फ्रेंस के दौरान हिन्दू लड़कियों के अपहरण, लव जिहाद, खरीद-फरोख्त एवं धर्मांतरण के बढ़ते मामलों को लेकर गंभीर सवाल उठाए।गोपाल राय ने कहा कि देश के विभिन्न हिस्सों से लगातार हिन्दू बेटियों के गायब होने एवं धर्मांतरण की घटनाएं सामने आ रही हैं। इसके बावजूद प्रशासनिक स्तर पर ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। उन्होंने विशेष रूप से गाजियाबाद के एक त्यागी परिवार की लड़की सहित छह अन्य युवतियों के लापता होने का मामला उठाते हुए कहा कि मेरठ निवासी बदर अख्तर सिद्दकी द्वारा आशा नेगी एवं प्रिया त्यागी समेत दर्जनों हिन्दू लड़कियों को लव जिहाद में फंसाकर अपहरण किया गया।

प्रिया त्यागी के परिवार द्वारा दो लाख रुपये का इनाम भी घोषित किया गया था, लेकिन उक्त बच्चियां आज तक बरामद नहीं हो सकीं। बताया जाता है कि बदर अख्तर सिद्दकी सऊदी अरब से अपना गिरोह संचालित कर रहा है। उन्होंने कहा कि देशभर से लगातार सूचनाएं प्राप्त हो रही हैं, जिनमें हिन्दू बच्चियों को लव जिहाद का शिकार बनाकर उनका धर्मांतरण कराया जा रहा है।

# डिजिटल क्रांति के साथ शुरू हुई जनगणना 2027



**लखीमपुर खीरी ।** खीरी टाउन में आगामी जनगणना के प्रथम चरण यानी मकान सूचीकरण की तैयारियां पूरी मुस्तैदी से शुरू हो चुकी हैं। नगर पंचायत के अधिशासी अधिकार विनीत कुमार के नेतृत्व में 60 प्रगणकों और 10 सुपरवाइजरों को विशेष जनगणना किट वितरित कर दी गई है। पहली किट प्राथमिक विद्यालय राजापुर की अनुदेशक अंजुम आरा को सौंपी गई। इस बार कागजी कार्रवाई नहीं, बल्कि मोबाइल ऐप के जरिए रियल-टाइम डिजिटल डेटा एंट्री होगी। घर-घर मैपिंगरू प्रगणक आपके घर आकर मकानों की सटीक डिजिटल गणना करेंगे आधुनिक तकनीक के दौर में नागरिक खुद भी डिजिटल माध्यम से इस प्रक्रिया का हिस्सा बन सकेंगे।अधिशासी अधिकारी विनीत कुमार की नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि यह राष्ट्रीय कार्य पूरी पारदर्शिता और समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा।

# निवेशकों की समस्याएं यथासमय निस्तारित हों

## इन्वेस्ट उप्र के अधिकारियों से बैठक दौरान सीएम योगी ने दिए निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को इन्वेस्ट उप्र के अधिकारियों संग बैठक की। इस दौरान उन्होंने ग्राउंड ब्रे. कंग सेरेमनी द्धजीबीसी 5.0ऋ की विस्तृत समीक्षा की।

अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि 7 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव धरातल पर उतरने को तैयार हैं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि जीबीसी 5.0 के अंतर्गत हर जनपद में निवेश हो, इसका विशेष रूप से ध्यान रखा जाए। उन्होंने जनपदों की पर कैपिटा इनकम बढ़ाने पर जोर दिया और कहा कि इसके लिए मैन्युफेक्चरिंग पावर को बढ़ावा देना आवश्यक है। इस अवसर पर इन्वेस्ट यूपी के अधिकारियों ने विगत दिनों लीड्स 2025 रैंकिंग में उत्तर प्रदेश को मिले एग्जेम्प्लर अवार्ड को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को समर्पित किया। अधिकारियों ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व और मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश लाजिस्टिक्स एवं इंफ्रास्ट्रक्चर विकास में देश का अग्रणी राज्य बनकर उभरा है। मुख्यमंत्री ने इस पुरस्कार के लिए इन्वेस्ट यूपी के अधिकारियों को बधाई दी। मुख्यमंत्री के समक्ष जीबीसी के दौरान पूरे आयोजन का विस्तार से ब्योरा प्रस्तुत किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि एमओयू करते समय संस्थानों की पूरी पड़ताल/जानकारी अनिवार्य रूप से की जानी चाहिए। निवेशकों से जितना अच्छा व्यवहार होगा, समय से उनकी समस्याओं का



निस्तारण करेंगे तो वह प्रदेश के लिए ब्रांड अंबेस्डर की तरह कार्य करेंगे। मुख्यमंत्री जी ने लैंडबैंक बढ़ाने पर जोर दिया। इनवेस्टमेंट पर दिए जाने वाले इंसेंटिव्स को इवेंट बनाकर निवेशकों का सम्मान करें और उनका मनोबल बढ़ाएं। बताया गया कि ह्उत्तर प्रदेश रक्षा और एफडीआई कान्क्लेव 2026ह्र प्रदेश की नई औद्योगिक रणनीति का बड़ा मंच साबित होगा, जिसका उद्देश्य उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रियल कारिडोर द्धयूपीडीआईसीऋ में रक्षा एवं एयरोस्पेस उद्योगों को आकर्षित करना, वैश्विक निवेशकों को जोड़ना और उद्योग, सरकार तथा रक्षा संस्थानों के बीच समन्वित इकोसिस्टम विकसित करना है। कान्क्लेव लखनऊ में आयोजित किए जाने का प्रस्ताव है, जिसमें रक्षा मंत्रालय, डीपीएसयू, वैश्विक व्न्डे, रक्षा विशेषज्ञ, डैडम्े और स्टार्टअप्स को एक मंच पर लाया जाएगा।

एजेंडा में उत्तर प्रदेश की रक्षा विनिर्माण क्षमता, एयरोस्पेस निवेश, रोजगार प्रोत्साहन नीति 2024, ईज आफ डूइंग बिजनेस और डीपीएसयू की भूमिका जैसे विषयों पर विस्तृत पैनल चर्चाएं प्रस्तावित हैं। मुख्यमंत्री और रक्षा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के संबोधन के साथ बी2जी और बी 2बी इंटरैक्शन भी आयोजित किए जाने की योजना है। कान्क्लेव के अपेक्षित परिणामों में निवेश समझौते (एमओयू), कारिडोर विस्तार का रोडमैप, टेस्टिंग एवं सर्टिफिकेशन इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास, उद्योग-सरकार साझेदारी और निवेशकों को स्पष्ट पालिसी सपोर्ट शामिल हैं। साथ ही डीआरडीओ, एचएएल, बीईएल, बोइंग, एयरबस, टाटा, अदाणी जैसी संस्थाओं और कंपनियों की संभावित भागीदारी का उल्लेख करते हुए कहा गया कि यूपी अब रक्षा और एयरोस्पेस निर्माण के लिए तेजी से पसंदीदा गंतव्य बन रहा है।

# हर्षित मिश्रा के परिवार से मिले राहुल गांधी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ ।** कांग्रेस प्रवक्ता अंशू अवस्थी ने जानकारी देते हुए बताया कि एच.पी.सी.एल के डिप्टी मैनेजर हर्षित मिश्रा, जिनकी एचपीसीएल प्लांट बदायूं में कार्यालय के अंदर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

पीड़ित परिवार के परिजनों से नेता प्रतिपक्ष लोकसभा राहुल गांधी ने मुलाकात की और न्याय दिलाने का पूरा भरोसा दिलाया, इस मुलाकात में कांग्रेस महासि. चव और उत्तर प्रदेश के प्रभारी अविनाश पांडे, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय, पीड़ित परिवार के परिजन वैभव मिश्रा, एवं अन्य परिवार के सदस्य तथा पीलीभीत कांग्रेस जिला अध्यक्ष



हरप्रीत सिंह छब्बा , बदायूं कांग्रेस जिला अध्यक्ष अजित यादव भी साथ में उपस्थित रहे । एच.पी.सी. एल के सहायक प्रबंधक हर्षित मिश्रा के परिवार जनों ने राहुल गांधी से उपरोक्त हत्याकांड की घटना की सीबीआई जांच की मांग रखी, इस पर नेता प्रतिपक्ष लोकसभा राहुल गांधी जी ने पूरा भरोसा दिया, पीड़ित परिवार के सदस्य वैभव मिश्रा ने बताया की जो एसआईटी जांच कमेटी गठित हुई थी, उसे 16 दिन में रिपोर्ट देनी थी लेकिन आज ढाई महीने हो गए हैं, अभी तक एस.आई.टी जांच की रिपोर्ट सामने नहीं आ सकी ना ही पीड़ित परिवार को दी गई ! राहुल गांधी ने पीड़ित परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए न्याय दिलाने का और दोषियों को सजा दिलाने का भरोसा और आश्वासन दिया । पीड़ित परिवार से नेता प्रतिपक्ष लोकसभा राहुल गांधी की मुलाकात लखनऊ एयरपोर्ट पर बंद कमरे में हुई ।

### हिस्ट्रीशीटर की गोली मारकर हत्या

**प्रयागराज।** मुट्ठीगंज थाना क्षेत्र में हिस्ट्रीशीटर सक्षम शर्मा की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इसके उपर अपराध के कई मामले दर्ज थे। वारदात से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की मां का आरोप है कि पुराने विवाद को लेकर विमल और कमल ने सक्षम को घर से बुलाया और गली में ले जाकर गोली मार दी। परिजनों के मुताबिक मार्च महीने में भी सक्षम पर जानलेवा हमला हुआ था। उस मामले में बयान दर्ज होना था, लेकिन उससे पहले ही उसकी हत्या कर दी गई। थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने बताया कि इस पर कई एफआईआर दर्ज हैं। पहले भी आगजनी में भी सक्षम का नाम सामने आया था।

# बांके को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष, चार घायल

**रायबरेली।** नसीराबाद थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव में बांके को लेकर दोनों पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया। तहरीर पर कार्यवाही शुरू हो गई है।

पहले कहां सुनी हुई और फिर देखते ही देखते लाठी डंडे चलने लगे मामला बृहस्पतिवार गांव बड़ी ओलीपुर मजरे संडहा समय करीब सुबह नौ बजे की है एक पक्ष से बृजेश पुत्र लालता वहीं दूसरे पक्ष से अमृत लाल पुत्र उदयपाल दोनों में इस बात को लेकर कहां सुनी हुई कि बांका मेरा है बात इतनी बड़ी की देखते ही देखते दोनो हाथापाई करने लगे और मारपीट शुरू हो गई शोरगुल सुनकर बृजेश के पिता लालता प्रसाद लाठी डंडा और धारदार हथियार लेकर मौके पर पहुंचे और अमृत लाल और ईसकी मां देवकली 80 वर्ष को मार पीट कर लहुलुहान कर दिया महिला का सिर फट गया और बाया हाथ फैक्चर होने की सम्भावना है अमृत लाल का भी सिर फट गया है वही बृजेश की ओर से पिता पुत्र के सिर में चोट लगी है सूचना पर पहुंची पीआरबी डायल 112 थाने लाई पुलिस ने दोनों पक्षों का सीएचसी नसीराबाद में मेडिकल कराया। बुजुर्ग महिला देवकली की हालत नाजुक होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# राजीव गांधी देश के लिए बलिदान हुए, आरएसएस का इतिहास गद्दारी : राय



**लखनऊ ।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री, सूचना क्रांति के जनक, भारत के लिए शहीद हुए भारत के रत्न राजीव गांधी की 35 वीं पुण्यतिथि उत्तर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय ष्नेहरू भवनष और पूरे प्रदेश में में मनाई गई, इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय ष्नेहरू भवनष में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर सैकड़ों कांग्रेसजन, प्रमुख रूप से राज्यसभा में उपनेता प्रमोद तिवारी , प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष - पूर्व मंत्री अजय राय, अल्पसंख्यक चेयरमैन पूर्व विधायक सोहेल अंसारी, अल्पसंख्यक राष्ट्रीय कार्डिनेटर रूबी खान, विचार विभाग चेयरमैन भ्स्दुसाध, वाइस चेयरमैन मनीष हिंदवी, पूर्व विधायक सतीश आजमानी, पूर्व विधायक गयादीन अनुरागी, पूर्व विधायक गजराज सिंह, वरिष्ठ प्रवक्ता अंशू अवस्थी, शहर अध्यक्ष शहजाद आलम, शहर अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव त्यागी, जिला अध्यक्ष रुद्रदमन सिंह बबलू, उपस्थित रहे ।संगोष्ठी में राज्यसभा में उपनेता प्रमोद तिवारी ने श्रद्धेय राजीव गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि आज जो भारत सूचना क्रांति में पूरे विश्व में परचम लहरा रहा है ।

संगोष्ठी का संचालन शहर अध्यक्ष डा शहजाद आलम ने किया और समापन धन्यवाद अल्पसंख्यक कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष पूर्व विधायक सोहेल अंसारी ने किया। संगोष्ठी में राज्यसभा में उपनेता प्रमोद तिवारी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष - अजय राय, अल्पसंख्यक चेयरमैन और राजीव गांधी के चाहने वाले उपस्थित रहे ।

### महिला हत्याकांड का खुलासा, दो पकड़े

**प्रयागराज।** पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने करीब एक माह पहले बबुरा गांव में बुजुर्ग महिला की हत्या का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। पुलिस ने आरोपियों से मृतका के चांदी के गहने भी बरामद किए हैं। 12 अप्रैल को बबुरा गांव में कस्तूरा देवी द्ध62ऋ की मुंह दबाकर हत्या कर दी गई थी। घटना के अगले दिन उनका शव चारपाई पर मिला था।

# अमन का भव आईडी कार्ड वितरण समारोह सम्पन्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** राजधानी के टुरियागंज क्षेत्र स्थित अमन शांति समिति के हाल में अमन शांति समिति द्वारा नवीन पदाधिकारियों के आईडी कार्ड वितरण एवं सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व पुलिस महानिरीक्षक एवं सदस्य पुलिस भर्ती बोर्ड उत्तर प्रदेश श्री राम कृष्ण चतुर्वेदी का स्वागत एवं सम्मान अमन शांति



समिति के अध्यक्ष इमरान कुरैशी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मो. फुरकान, मुख्तार अहमद, महामंत्री राष्ट्रपति पदक से सम्मानित आज़ाद हफ़ीज़, उपाध्यक्ष इसराइल कुरैशी, मो. अजमल, मो. मुदीर एवं रिजवान कुरैशी ने पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर किया।इसके उपरांत मुख्य अतिथि ने कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि रिटायर्ड पुलिस उपाधीक्षक श्री विमल किशोर श्रीवास्तव का अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।समारोह में अमन शांति समिति के संरक्षकों अमीर ख़ालिद ख़ान, गुलशेर आज़ाद, सुनील यादव, मो. आरिफ ज्वेलर्स, डा. सलमान ख़ालिद, अज़ीज़ सिद्दीकी, अब्दुल वहीद, जुबैर अहमद एवं माजिद अली ख़ान को भी मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया।

# एसआरएन में डाक्टरों की हड़ताल, मरीज परेशान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** बीते बुधवार को हुए मारपीट को लेकर नाराज चल रहे स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल (एसआरएन) के जूनियर डाक्टरों ने आज गुरूवार को भी अपना कार्य बहिष्कार आन्दोलन जारी रखा। इसके चलते चिकित्सालय में इलाज के लिए आने वाले मरीज और उनके तीमारदार परेशान रहे।

गौरतलब है कि वकीलों से विवाद के बाद एसआरएन अस्पताल के जूनियर चिकित्सकों ने कार्य बहिष्कार के साथ धरना प्रदर्शन बुधवार को शुरू कर दिया, जो आज गुरूवार को भी अनवरत जारी रही। यहीं नहीं वकीलों की मांग को पूरा करने के लिए पुलिस प्रशासन ने चिकित्सकों के



खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर लिया। इससे नाराज आल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष डा अजीत सिंह ने मांग की है कि यदि दोषी अधिवक्ताओं के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करते हुए उन्हें हिरासत में लेकर विधिक कार्यवाही नहीं की जाती तो जिले के समस्त वरिष्ठ चिकित्सक भी हडताल में शामिल होकर चिसित्सा सेवाएं रोक देंगे। जूनियर डाक्टरों ने हाथ में तख्तियां लेकर धरना प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की। चिकित्सा सेवाओं की बदहाल स्थिति को देखते हुए धरना स्थल पर दोपहर में पहुंचे एसीएम प्रथम सत्यम मिश्रा ने काम पर लौटने का आग्रह किया पर डाक्टर बिना सुरक्षा की गारंटी मिले काम पर लौटने के लिए तैयार नहीं हुए। कहा कि अगर उनके साथ कोई घटना हो गई तो कौन जिम्मेदारी कौन लेगा। डा. मोहित जैन ने भी प्रदर्शनकारी चिकित्सकों को समझाने का प्रयास किया। कहा कि डाक्टरों की मांग जायज है लेकिन इसमें मरीजों का क्या दोष है। हमारी प्राथमकिता मरीजों का इलाज करना होना चाहिए, लेकिन हड़ताल खत्म करने के लिए जेआर राजी नहीं हुए।

एसआरएन अस्पताल में चिकित्सकों के साथ मारपीट करने के मामले में पुलिस ने जूनियर डाक्टरों की तहरीर पर अज्ञात हमलावरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मामले की छानबीन शुरू कर दी गई है। हड़ताल पर बैठे जूनियर डाक्टरों ने सोशल मीडिया पर सामूहिक रूप से अभियान चलाया है। मुख्यमंत्री से सुरक्षा की गुहार लगाई है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com
डाक पंजीयन संख्या
UP\MZN-01-\2026-28

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़

■ चार गिरफ्तार, 15 बाइक-स्कूटर बरामद; सरगना फरार





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** थाना सेक्टर 58 पुलिस ने एक अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने इस दौरान चार शातिर चोरों को गिरफ्तार किया। उनकी निशानदेही पर चोरी की 15 मोटरसाइकिलें और स्कूटर बरामद किए गए हैं। इसके अतिरिक्त, कुछ अवैध हथियार भी जब्त किए गए।

थाना सेक्टर 58 पुलिस ने स्थानीय खुफिया जानकारी और गोपनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई की। सेक्टर-60 स्थित हनुमान मंदिर के पास से चार शातिर चोरों, पुष्पेंद्र, राजू, ब्रजेश और लोक. ेश को गिरफ्तार किया गया। ये सभी आरोपी संभल के निवासी हैं। इनकी निशानदेही पर 15 चोरी की मोटरसाइकिलें और स्कूटर बरामद हुए हैं। इनके कब्जे से दो अवैध चाकू भी मिले हैं। नोएडा की एडीसीपी मनीषा सिंह ने बताया कि यह गिरोह दिन और रात में मौका मिलने पर नोएडा, दिल्ली-एनसीआर और गाजियाबाद से मोटरसाइकिलें चुराता था। चोरी के वाहनों को ऐसी जगहों पर इकट्ठा किया जाता था जहां आवागमन कम होता है। इसके बाद, वे चोरी की मोटरसाइकिलें खरीदने वाले ग्राहकों से संपर्क कर उन्हें बेच देते थे। पकड़े गए बदमाशों पर विभिन्न थानों में कई मुकदमे दर्ज हैं।

गिरोह का सरगना अभी फरार है और पुलिस उसकी तलाश कर रही है। पुलिस के अनुसार, ये चोर काफी शातिर किस्म के हैं। गिरोह के दो सदस्य छोले भटूरे की रेहड़ी लगाते थे और इसी दौरान वाहनों की रेकी करते थे।

# 14 वर्षों से बंद पड़े 60 मीटर वीआईपी रोड का कार्य पूरा, फर्राटा भरने लगे वाहन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**यमुना सिटी।** करीब 14 वर्षों से बंद पड़े 60 मीटर वीआईपी रोड पर बृहस्पतिवार सुबह वाहन फर्राटा भरने लगे। यमुना एक्सप्रेसवे के समानांतर यह स्ट्रेच करीब 400 मीटर का था जिसे यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने बनाया है। लंबे समय से लोग इसके बगल में कच्चे रास्ते पर धूल-मिट्टी से होकर गुजरने को मजबूर थे।

नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के लोकार्पण के बाद यमुना विकास प्राधिकरण जल्द से जल्द यमुना एक्सप्रेसवे के समानांतर 60 मीटर वीआईपी रोड को तैयार कर रहा है। इसमें आने वाले तीन अवरोधों में से रबूपुरा में नारायणा पब्लिक स्कूल के सामने स्थित इस 400 मीटर स्ट्रेच को बना दिया गया है। करीब चार माह पहले किसानों से विवाद सुलझने के बाद निर्माण कार्य शुरू हुआ था। रोड पर मिट्टी डालकर समतल करने के बाद इसे छोड़ दिया गया था। बुधवार देर रात इसपर बिटुमिन डालकर रोड तैयार कर दी गई। बृहस्पतिवार सुबह से वाहन इसपर फर्राटा भरने लगे।

**वर्ष 2012 से बना था, तीन स्थानों पर अधूरी रह गई थी सड़क:** वर्ष 2012 में यमुना एक्सप्रेसवे के साथ-साथ इस रोड को भी तैयार किया गया था। इनमें से दनकौर, रबूपुरा और जेवर के दयानतपुर में तीन स्थानों पर किसानों से भूमि विवाद के चलते कुछ-कुछ हिस्से पर रोड का काम अधूरा छोड़ा गया था। दनकौर में करीब 700 मीटर और रबूपुरा में करीब 400 मीटर का स्ट्रेच नहीं मिल पाया था। ऐसे में दोनों स्थानों पर बगल में अस्थायी सड़क निकालकर वाहनों को रास्ता दिया गया था।

**दनकौर में भी तेजी से चल रहा सड़क का निर्माण:** दनकौर में भी वीआईपी रोड पर लगभग 700 मीटर के स्ट्रेच पर यमुना प्राधिकरण ने निर्माण कार्य शुरू हो गया है। रोड बंद होने के चलते दनकौर से तिरंगा चौक तक वाहन लगभग एक किमी तक यमुना एक्सप्रेसवे की सर्विस रोड से निकलते थे। जल्द ही इसपर भी वाहन फर्राटा भरेंगे।

**एयरपोर्ट से जोड़ने का चल रहा सड़क का निर्माण कार्य:** 60 मीटर वीआईपी रोड जेवर के दयानतपुर के आगे जाकर बंद हो जाती है। यहां से नोएडा एयरपोर्ट करीब 7 किमी है। यहां करीब दो किमी में रोड बनाने के लिए किसानों से बातचीत चल रही है। इसके बाद करीब पांच किमी रोड को बनाने का कार्य तेजी से चल रहा है।

## प्लॉट कब्जे को लेकर मारपीट, एक महिला समेत चार लोग घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**यमुना सिटी।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र के मूंजखेड़ा गांव में गुरुवार को प्लॉट पर कब्जे को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। यह विवाद जल्द ही खूनी संघर्ष में बदल गया, जिसमें लाठी-डंडे और पथराव हुआ। इस घटना में एक महिला सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मामले में पीड़ित पक्ष ने पांच नामजद समेत करीब 10 लोगों के खिलाफ पुलिस से शिकायत की है। पीड़ित पक्ष के शिवकुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उन्होंने कुछ वर्ष पहले गांव के ही एक व्यक्ति से प्लॉट खरीदा था।

आरोप है कि गुरुवार को प्लॉट बेचने वाला व्यक्ति अपने परिवार के अन्य सदस्यों के साथ इसी जमीन पर कब्जा करने पहुंचा। शिवकुमार के परिवार ने मौके पर पहुंचकर कब्जे का विरोध किया, जिसके बाद दोनों पक्षों में कहासुनी शुरू हो गई। आरोप है कि दूसरे पक्ष के लोगों ने लाठी-डंडों और ईंट-पत्थरों से हमला कर दिया।

इस मारपीट में सुखबीर, सुरेंद्र, रामू और सीमा गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को परिजन तत्काल अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उनका इलाज चल रहा है।

घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को शांत कराया। पुलिस ने बताया कि पीड़ित पक्ष की शिकायत प्राप्त कर ली गई है और मामले की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। गांव में तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए पुलिस सतर्कता बरत रही है।

# पुरानी रंजिश के चलते युवक की हत्या

■ पुलिस मुठभेड़ में दो आरोपी गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के थाना ईकोटेक-3 क्षेत्र के वैदपुरा गांव में युवक दीपक नागर की हत्या के मामले में पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली दोनों बदमाशों के पैर में लगी, जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस पहले ही चार आरो. पियों नवीन, अभि उर्फ अभय, आकाश और मोगली उर्फ पवन को गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस पहले ही चार आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है।

डीसीपी सेंट्रल नोएडा शैलेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि बुधवार रात दीपक नागर की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मामले की जांच के दौरान पुलिस पहले ही चार आरोपियों नवीन, अभि उर्फ अभय, आकाश और मोगली उर्फ पवन को गिरफ्तार कर चुकी है। उन्होंने बताया कि गुरूवार दोपहर को सूचना मिली कि दीपक की हत्या के मुख्य आरोपी जगत एवं हर्ष उर्फ राजेश अपने एक सहयोगी और घटना के मुख्य अभियुक्त प्रीत का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि सूचना के आधार पर पुलिस ने उनको घेरा। उन्होंने बताया कि बदमाशों ने पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से गोली चलाई। उन्होंने बताया कि जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोली चलाई।

पुलिस द्वारा चलाई गई गोली जगत और हर्ष को लगी है। उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। उन्होंने बताया कि अन्य बदमाशों की तलाश में पुलिस छापेमारी कर रही है। पुलिस को जांच में पता चला है कि इस घटना के मुख्य आरोपी दो भाई हर्ष और प्रीत के पिता की वर्ष 2011 में हत्या कर दी गई थी। उस मामले में मृतक दीपक नागर के पिता भी आरोपी थे। इसमें दीपक नागर के पिता बरी हो गए थे, जबकि एक व्यक्ति की मौत हो गई थी, और एक व्यक्ति को आजीवन कारावास हुई थी। इस बात से हर्ष और प्रीत दीपक नागर के परिवार से बदला लेना चाह रहे थे।

**शव सड़क पर रखकर लगाया जाम:** वहीं दीपक नागर की हत्या की घटना के बाद गुरुवार को उसके परिजनों ने पोस्टमार्टम के बाद उसके शव को सड़क पर रखकर जाम लगाया। इस मौके पर भारी पुलिस बल पहुंचा। परिजनों ने आरोपियों के एनकाउंटर और उनके घर पर बुलडोजर कार्रवाई करने की मांग की। काफी समझाने बुझाने के बाद परिजन अंतिम संस्कार करने के लिए राजी हुआ। उन्होंने बताया कि मुठभेड़ में गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से 2 तमंचे मय 2 जिन्दा व 2 खोखा कारतूस बरामद किये गये है। अन्य अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## एक नजर

### डूब इलाके में कबाड़खाने में भीषण आग, दमकलकर्मियों ने पाया काबू

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** फेज 2 थाना क्षेत्र के डूब इलाके में स्थित एक कबाड़खाने में भीषण आग लग गई है। आग की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की कई गाड़ियां तत्काल मौके पर पहुंच गईं। दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पा लिया है। यह घटना गुरुवार सुबह की बताई जा रही है, जब कबाड़खाने से अचानक धुआं उठने लगा। आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया और पूरे कबाड़खाने को चपेट में ले लिया। कबाड़खाने में प्लास्टिक, टायर जैसी ज्वलनशील सामग्री होने से आग तेजी से फैली। आग की लपटें दूर से दिखाई दे रही थीं, जिससे आसपास के इलाकों में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस और दमकल विभाग को सूचित किया। दमकल की 10 से अधिक गाड़ियां आग बुझाने के काम में लगाई गई हैं। आग की तीव्रता अधिक होने से काबू पाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। अभी तक किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है, शॉर्ट सर्किट या चिंगारी संभावित कारण हैं।

### पोस्टमास्टर पर हमले की कोशिश, कार दौड़ा कर बचाई जान

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सूरजपुर कोतवाली क्षेत्र में एलजी गोलचक्कर के पास बुधवार की देर शाम कार और बाइक सवार आरो. पियों ने पोस्टमास्टर की कार को रुकवाकर हमला करने का प्रयास किया। पीड़ित ने कार को दौड़ाकर अपनी जान बचाई और पुलिस को सूचना दी। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक सुमित कुमार यादव सिद्धार्थ अपार्टमेंट बिसरख क्षेत्र में रहते हैं। वह सेक्टर अल्फा वन स्थित एक पोस्ट ऑफिस में सब पोस्टमास्टर हैं। सुमित ने पुलिस को शिकायत दी कि वह बुधवार की रात करीब 9:00 बजे पोस्ट ऑफिस से कार में सवार होकर घर के लिए निकले थे। वह एलजी गोलचक्कर के पास पहुंचे तो एक कार और बाइक पर सवार कुछ लोगों ने उनकी गाड़ी को रुकवा लिया।पीड़ित का आरोप है कि आरोपियों ने कार का दरवाजा खुलवाने का प्रयास किया। दरवाजा नहीं खोलने पर हमले की कोशिश की। पीड़ित ने अपनी जान बचाने के लिए कार को दौड़ाया और करीब एक किलोमीटर दूर जाकर सड़क किनारे खड़े ट्रैफिक पुलिसकर्मियों के पास जाकर रुके और घटना के बारे में बताया। इस मामले में सूरजपुर कोतवाली प्रभारी का कहना है कि पीड़ित की शिकायत पर घटना की जांच की जा रही है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी की फुटेज देखी जा रही है। संदिग्ध लोगों को पता लगाकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### नन्हे चोर ने उड़ाई डायमंड पेंडेंट चेन, महिला संग हुआ फरार

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** गौड़ सिटी मॉल के एक ज्वेलरी शोरूम से करीब 72 हजार रुपये कीमत की डायमंड पेंडेंट चेन चोरी हो गई। चोरी की यह वारदात एक बच्चे द्वारा अंजाम दिए जाने का आरोप है, जो घटना के बाद बाहर खड़ी एक महिला के साथ मौके से फरार हो गया। शोरूम प्रबंधन ने मामले में बिसरख कोतवाली में प्राथमिकी दर्ज कराई है। गौड़ सिटी मॉल के भूतल पर स्थित औकेरा ज्वेलरी शोरूम के स्टोर मैनेजर सिद्धार्थ अग्रवाल ने बताया कि 21 दिसंबर 2025 की रात एक बच्चा शोरूम में आया। उस समय स्टाफ के कर्मचारी दूसरे ग्राहक को सामान दिखाने में व्यस्त थे। इसी दौरान बच्चे ने मौका देखकर एक पेंडेंट चेन चोरी कर ली और तुरंत बाहर भाग गया। बाहर पहले से एक अज्ञात महिला खड़ी थी, जिसके साथ वह फरार हो गया। शोरूम प्रबंधन के अनुसार चोरी हुई ज्वेलरी में 18 कैरेट सोने की पेंडेंट चेन और डायमंड लगा हुआ था। इसका कुल वजन 4.633 ग्राम बताया गया है। जिसमें 4.327 ग्राम सोना और 1.530 कैरेट डायमंड शामिल है। चोरी हुए आभूषण की कुल कीमत 72,409 रुपये आंकी गई है। घटना का पता तुरंत नहीं चल सका।

## रेडिसन होटल के पास मिला अज्ञात शव

**नोएडा।** सेक्टर-55 स्थित रेडिसन ब्लू होटल के पास बृहस्पतिवार सुबह एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला। सूचना पर पहुंची कोतवाली सेक्टर-58 पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाली प्रभारी अमित तोमर ने बताया कि खोड़ा तिराहे से सेक्टर-57 जाने वाली सर्विस रोड पर एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला। उसकी उम्र करीब 48 वर्ष थी। वह सर्विस रोड फुटपाथ पर ही रहता था। वह शराब पीने का आदी था।

## परी चौक पर यात्रियों के लिए प्राधिकरण ने की छांव की व्यवस्था

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** परी चौक के पास अंसल मॉल के सामने यात्रियों को तेज धूप में खड़े होकर अब बस का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। चिलचि. लाती धूप से यात्रियों के बचाव के लिए प्रशासन ने कैनोपी लगाई दी है। यात्रियों की इस समस्या को अमर उजाला के बृहस्पतिवार के अंक में छापा गया था।

इस बस स्टॉपेज पर कोई टीन शेड नहीं लगा होने के कारण यात्रियों को धूप में ही खड़े होकर बस का इंतजार करना पड़ता है। खबर छपने के बाद ग्रेनो प्राधिकरण ने लोगों की समस्या को गंभीरता लेते हुए परी चौक पर छांव की व्यवस्था कर दी है। अभी करीब छह कैनोपी लगाई गई है। आगे जरूरत के मुता. बिक इनकी संख्या बढ़ाई जाएंगी। वहीं, एक्टिव सिटीजन टीम ने परी चौक पर ठंडे पानी के घड़े रखकर पेयजल की व्यवस्था की है। इससे वहां से आने जाने वाले लोगों को पेयजल की लिए भी भटकना नहीं पडेगा। हर साल इस स्थान पर इनके द्वारा पेयजल की व्यवस्था की जाती रही है।

## हॉस्टल में रह रहा डॉक्टर, फ्लैट में पत्नी रिश्ते में बढ़ी दूरियां तो मामला पहुंचा थाने

**शाह टाइम्स संवाददाता**


**ग्रेटर नोएडा।** बिसरख इलाके में एक ऐसा मामला सामने आया है, जिसमें मरीजों की जान बचाने वाला न्यूरोसर्जरी का डॉक्टर खुद घरेलू तनाव से जूझता नजर आ रहा है। पत्नी के उग्र व्यवहार से परेशान डॉक्टर ने बिसरख कोतवाली पुलिस में बुधवार को प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की है। यथार्थ सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में डीएनबी न्यूरोसर्जरी कोर्स कर रहे डॉ. मोहित बिस्वास ने अपनी पत्नी पर मारपीट, मानसिक उत्पीड़न और अस्पताल पहुंचकर हंगामा करने के आरोप लगाए हैं। लखनऊ निवासी डॉ. मोहित ने बिसरख कोतवाली पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वर्ष 2021 में उन्होंने उत्तराखंड निवासी युवती से प्रेम विवाह किया था। शादी के बाद दोनों की एक बेटी हुई, जो फिलहाल अपने नाना-नानी के पास उत्तराखंड में रह रही है।

डॉक्टर का कहना है कि न्यूरोसर्जरी की पढ़ाई और अस्पताल की व्यस्त ड्यूटी के चलते वह अस्पताल परिसर के हॉस्टल में रहते हैं, जबकि उनकी पत्नी बिसरख के एक फ्लैट में रहती हैं और गाजियाबाद के एक डेंटल कॉलेज में कार्यरत हैं। शिकायत के मुता. बिक पति-पत्नी के रिश्तों में लंबे समय से तनाव चल रहा है। डॉक्टर ने आरोप लगाया कि 1 फरवरी की रात करीब डेढ़ बजे उनकी पत्नी अस्पताल पहुंची और उन्हें ड्यूटी से बाहर बुलाकर गाली-गलौज करने लगी थी।

# भीषण गर्मी से बिजली की मांग ने तोड़ा रिकॉर्ड, 925 मेगावाट तक पहुंचने का अनुमान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** आग उगलते सूरज के कारण गर्मी हर किसी को झुलसा रही है। कूलर, एसी भी गर्मी के तेवर के आगे फेल हो रहे हैं। गर्मी से राहत पाने के लिए बिजली उपकरणों का धड़ल्ले से इस्तेमाल हो रहा है। इससे बिजली की अधिकतम मांग भी रोज रिकार्ड बना रही है। पिछले साल बिजली की अधिकतम मांग 12 जून को 832 मेगावाट का रिकार्ड 18 मई को टूट चुका है। 838.15 मेगावाट अधिकतम मांग दर्ज हुई। हालांकि मंगलवार को अधिकतम मांग 852.23 मेगावाट और बुधवार को 850 मेगावाट हुई। नोएडा पावर कंपनी लि. के अधिकारियों का



अनुमान है कि यदि गर्मी के तेवर ऐसे ही गर्म रहे तो अधिकतम मांग 925 मेगावाट के स्तर तक पहुंच सकती है। कंपनी का दावा है कि मांग व आपूर्ति बराबर बनी हुई है, लेकिन इस दावे के उलट मंगलवार रात को अल्फा दो सेक्टर समेत कुछ सेक्टरों में बिजली कटौती हुई। डेल्टा एक सेक्टर में भी लोगों को कई घंटे बिजली कटौती का सामना करना पड़ा।

**ग्रामीण क्षेत्रों में 10 घंटे से अधिक कटौती:** भीषण गर्मी में बिजली कटौती लोगों को रुला रही है। ग्रामीण क्षेत्र में आठ से 10 घंटे बिजली कटौती हो रही है। बिलासपुर व आस पास के ग्रामीण क्षेत्र में दिन और रात में आठ घंटे तक बिजली कटौती हो रही है। बिजली न होने तपती धूप और गर्मी में लोगों को बिजली उपकरणों से भी राहत नहीं मिल पा रही है। देर रात बिजली गुल होती है तो सुबह ही बहाल होती है। लोगों की रातें पसीने से तरबतर होकर गुजर रही हैं। महिला, बच्चे, बुजुर्ग और मरीज परेशान और बेहाल हैं। ग्रेटर नोएडा के कैलाशपुर, खेड़ी आदि गांवों में भी करीब दस घंटे तक बिजली कटौती हो रही है। ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सेक्टर 16 बी में नव निर्मित सब स्टेशन से आपूर्ति शुरू हो गई है। इससे सेक्टर 16, 16 बी, ईकोटेक 15 समेत आस पास के इलाके में बिजली आपूर्ति और बेहतर होगी।

## अवैध कॉलोनी सीवर लाइन से जोड़ीं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के अधिसूचित क्षेत्र में आने वाले वैदपुरा और सादुल्लापुर गांव के पास अवैध रूप से बनीं छह से अधिक कॉलोनियों को सीवर लाइन से जोड़ने का मामला सामने आया है। नियम को ताक पर रखकर किए गए इस काम को परियोजना विभाग के संबंधित वर्क सर्किल-दो द्वारा अंजाम दिया गया।

मिली जानकारी के मुता. बिक, वैदपुरा और सादुल्लापुर गांव के खसरा संख्या- 207, 61, 252, 253, 249, 250 आदि पर अवैध रूप से बनीं कॉलोनियों को चुपचाप तरीके से प्राधिकरण की सीवर लाइन से जोड़ दिया गया। वहीं, जब मामला उच्चाधिकारियों के संज्ञान में आया तो कुछ के खिलाफ कार्रवाई करके खानापूर्ति कर दी गई, लेकिन अब भी कई अवैध कॉलोनी सीवर लाइन से जुड़ी हैं।

**अवैध कॉलोनियों का निर्माण:** बता दें कि ग्रेटर नोएडा के अधिसूचित में प्राधिकरण की अनुमति के बिना किसी भी तरह का निर्माण कार्य नहीं किया जा सकता है। जमीन का आवंटन प्राधिकरण द्वारा किया जाता है, लेकिन क्षेत्र में अवैध कॉलोनियों का जाल फैलता जा रहा है। इनके विरुद्ध ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के बीच अवैध तरीके से सीवर लाइन से जोड़कर प्रोत्साहन देने का भी कार्य किया जा रहा है। यही नहीं अवैध कॉलोनियों को विक. सित करने का काम कर रहे बिल्डर भी फ्लैट बुक करने वाले लोगों को आश्वासन देते हैं कि सोसाइटी को सीवर लाइन से जोड़ दिया जाएगा।

## मारपीट मामले में केस दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**यमुना सिटी।** जेवर क्षेत्र के नगला शरीफ गांव में दहेज के लिए दो विवाहिताओं के साथ मारपीट और बंधक बनाकर रखने के आरोप में पुलिस ने आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। सूरजपुर निवासी शकील सैफी ने पुलिस को बताया कि उन्होंने अपनी दो बेटियों की शादी करीब तीन साल पहले जेवर के नगला शरीफ के रहने वाले दानिश और सलीम से की थी। शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग दोनों बेटियों को दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। दहेज में स्कॉर्पियो और 11 लाख रुपये की मांग की जा रही थी।

## जिला कारागार लुक्सर में आधुनिक पैथोलॉजी लैब शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जिला कारागार लुक्सर में बंदियों के स्वास्थ्य परीक्षण और समय पर इलाज की सुविधा को बेहतर बनाने के उद्देश्य से आधुनिक लैब का उद्घाटन किया गया। रोटरी क्लब ग्रीन ग्रेटर नोएडा द्वारा स्थापित आधुनिक पैथोलॉजी लैब का बृहस्पतिवार को जेल अधीक्षक बृजेश कुमार ने फीता काटकर शुभारंभ किया।

कार्यक्रम में जेल प्रशासन के अधिकारियों के साथ रोटरी क्लब के पदाधिकारी और सदस्य भी मौजूद रहे। पूर्व में जेल प्रशासन की ओर से फार्मासिस्ट एसएस गौतम ने बंदियों के लिए नियमित पैथोलॉजी जांच सुविधा उपलब्ध कराने का अनुरोध किया था। इसी पहल को आगे बढ़ाते हुए रोटरी क्लब ग्रीन ग्रेटर नोएडा ने आवश्यक उपकरणों सहित पूर्ण लैब की स्थापना कराई। लैब शुरू होने के बाद करीब 30 बंदियों की स्वास्थ्य जांच भी की गई। इस दौरान तकनीकी विशेषज्ञों ने मशीनों की कार्यप्रणाली और उपयोग की जानकारी दी। रोटरी क्लब के पूर्व अध्यक्ष डॉ. के.के. शर्मा ने स्वयं अपनी जांच कराकर बंदियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम में मंजीत सिंह, विनोद कसाना, अमित गोयल, विजेंद्र भाटी, अतुल जैन, रंजीत सिंह, संजय गर्ग, अनिल कुमार, योगेश गोयल, निकुल गुप्ता और चौधरी शोभित दलगीर सहित कई लोग मौजूद रहे।

# मैरिज होम संचालक पर फायरिंग

■ गेट खोलते ही बदमाशों ने चलाई गोली, चाचा घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**यमुना सिटी।** ग्रेटर नोएडा के जेवर कोतवाली क्षेत्र में मैरिज होम संचालक पर फायरिंग की घटना सामने आई है। धनसिया गांव में हुई इस घटना में संचालक के चाचा नरेश गोली के छर्रे लगने से घायल हो गए। उन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस को दी शिकायत में धनसिया गांव निवासी नीरज कुमार ने बताया कि उनके भाई हिमांशु का गांव में मैरिज होम है। बुधवार रात हिमांशु मैरिज होम पर काम कर रहे थे, तभी गांव दस्तमपुर के तीन युवक वहां पहुंचे। उन्होंने हिमांशु के साथ गाली-गलौज और मारपीट की। नीरज के मौके पर पहुंचने और समझाने-बुझाने के बाद मामला शांत हुआ। आरोप है कि जाते समय युवकों ने हिमांशु को जान से मारने की धमकी दी थी।

पीड़ित पक्ष के अनुसार, देर रात तीनों आरोपी फिर हिमांशु के घर पहुंच गए। उन्होंने गेट खोलने के लिए गाली-गलौज शुरू कर दी। उस समय हिमांशु सो रहे थे। नीरज ने जब गेट खोला, तो आरो. पियों में से एक ने अवैध हथियार से फायरिंग कर दी। नीरज बाल-बाल बच गए, लेकिन गेट के पास खड़े उनके चाचा नरेश को गोली के छर्रे लग गए। उनके चेहरे, गर्दन और छाती पर छर्रे लगे हैं।

घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। परि. जनों ने घायल नरेश को जेवर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। पीड़ित परिवार ने तीन नामजद युवकों के खिलाफ जेवर कोतवाली में तहरीर दी है और कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

उत्तर रेलवे

ई-निविदा सूचना

उप मुख्य अभियंता/निर्माण –अयोध्या उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए निर्धारित प्रोफार्मा पर खुली ई-निविदायें **दो पैकेट** में आमंत्रित की जाती हैं

| | | | |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम व स्थान | उप मुख्य अभियंता /निर्माण / अयोध्या के अंतर्गत उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के विभिन्न स्टेशनों (कटहरी, गोसाईगंज, अलनाभारी, बिलहरघाट, दर्शननगर, अयोध्या धाम, आचार्यनरेन्द्रदेव नगर, दरियाबाद, पटरंगा, रोजागाँव, रुदौली, सलारपुर, अयोध्या छावनी) पर 120 यूनिट टाइप-II (बहुमंजिला) नए आवासों (क्वार्टर) का निर्माण। | | |
| कार्य की अनुमानित लागत | ₹1828.11 लाख | धरोहर राशि | ₹3,65,6200/- |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 12 (बारह) माह | | |
| ई-निविदा जमा करने की तारीख/समय एवं निविदा खुलने की तारीख | निविदाएं दिनांक 12.06.2026 को 15:00 बजे तक आई आर ई पी एस के वेबसाईट www.ireps.gov.in पर अपलोड की जा सकती है तथा दिनांक 12.06.2026 को 15:00 बजे खोली जाएगी | | |
| विस्तृत निविदा सूचना व प्रपत्र | विस्तृत निविदा सूचना व निविदा प्रपत्र दिनांक 22.05.2026 से आई आर ई पी एस के वेबसाईट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध रहेंगे व दिनांक 29.05.2026 से 12.06.2026 तक अपलोड की जा सकती हैं | | |

सं.: 258-टेन्डर/उप मु अभियंता/निर्माण-अयोध्या, उ०रे०, लखनऊ
दिनांक: 20.05.2026 1704/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

